अहमदाबाद में छाप रहे थे नकली डॉलर, लगा रखी थी फैक्ट्री... 20 साल तक ऑस्ट्रेलिया में रह चुका है मास्टरमाइंड

अहमदाबाद में एसओजी (SOG) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली ऑस्ट्रेलियाई डॉलर छापने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने इस गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास 131 नकली डॉलर और एक प्रिंटर जब्त किया है. इस प्रिंटर से नकली करेंसी छाप रहे थे. इस गिरोह का मास्टरमाइंड मौलिन पटेल है, जो 20 वर्षों तक ऑस्ट्रेलिया में रह चुका है. दो साल पहले वह अहमदाबाद लौटा और यहां उसने अपने साथी ध्रुव देसाई के साथ मिलकर नकली डॉलर छापना शुरू कर दिया.

जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद पुलिस की एसओजी टीम को सूचना मिली थी कि वटवा इलाके में एक शख्स 40 रुपये में एक ऑस्ट्रेलियाई डॉलर बेच रहा है. पुलिस ने सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी कर दी. इस दौरान पुलिस ने आरोपी शख्स को हिरासत में ले लिया.

Source: [https://www.aajtak.in/india/gujarat/story/fake-dollar-printing-factory-busted-in-ahmedabad-mastermind-who-lived-in-australia-for-20-years-among-4-arrested-lcla-rpti-2108934-2024-11-28](https://www.aajtak.in/india/gujarat/story/fake-dollar-printing-factory-busted-in-ahmedabad-mastermind-who-lived-in-australia-for-20-years-among-4-arrested-lcla-rpti-2108934-2024-11-28)